## एक नजर में



### पाकिस्तानी झंडे को पैरों से रौंदा

**उज्जैन ।** पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 लोग मारे गए थे और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे । जिसके बाद से पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं । इसी कड़ी मे मंगलवार को संस्कृति रक्षक मंच द्वारा विरोध स्वरूप मोहन नगर चौराहे पर पाकिस्तान के झंडे को सड़क पर लगाकर उसे पैरो से रौंदा गया । यह जानकारी देते हुए संस्कृति मंच के अध्यक्ष शिवेंद्र तिवारी ने बताया की पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 28 लोग मारे गए थे और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए थे । जिसके विरोध में संस्कृति रक्षक मंच कार्यकर्ताओं द्वारा मंच के बैनर तले आगर रोड पर मोहन नगर चौराहे पर मां अम्बे माता मंदिर के पास चौराहे पर पाकिस्तान के प्रतीकात्मक झंडे को लगाकर पैरों से रौंदा गया है । तिवारी ने कहा की हमने पाकिस्तानी झंडे को सड़क पर लगाए और उसके ऊपर से गाड़ियां निकालकर अपना आक्रोश जताया है । पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों के कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है । जिस प्रकार पूरा देश पाकिस्तान को अपने पैरों तले कुचलने के लिए तैयार है ।उसी भावना से आज हमने पाकिस्तान के झंडे को सड़क पर रखकर उस पर चप्पल मारी और पैरों से रौंदा है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से मयूर अग्रवाल, नीलेश खोयरे, मोहन चौहान, दीपक सैनी, हरिओम तिवारी, महेश साहू, मिलिन चौधरी, विकास राठौर, सुनील बारोड़, महेन्द्र उपाध्याय, रविशंकर पंवार, विशाल शर्मा, ऋषि प्रजापत, उमेश पर्चेया, विशाल अग्रवाल, राजेश रावल, श्रेयांश कुशवाह, नितेश सैनी, सिराजुद्दीन कुरैशी बड़ी संख्या मे आमजन उपस्थित थे ।

### पंवार खेलों इंडिया गेम्स में निर्णायक बने

**उज्जैन ।** भारत सरकार द्वारा खेलों इण्डिया यूथगेम्स 2025 का आयोजन बिहार राज्य में किया जा रहा है । जिसमें शहर की 105 वर्ष पुरानी संस्था अप्राजी व्यायामशाला के प्रशिक्षक मनीष पंवार को मलखंभ खेल का निर्णायक नियुक्त किया गया । मनीष पंवार पूर्व 4 खेलों इंडिया गेम्स व कई राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता में निर्णायक रह चुके हैं । उनकी पूर्व की उपलब्धियों को देखते हुए निर्णायक नियुक्त किया गया । पंवार की इस उपलब्धि पर अप्राजी व्यायामशाला के अध्यक्ष रामचंद्र सोलपंखी, मनोज राठौर ने शुभकामनाएं प्रेषित की । यह जानकारी संस्था के मंत्री गोपाल व्यास द्वारा दी गई ।



### सीएम आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव आज बुधवार 30 अप्रैल को उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे । प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ . यादव सर्वप्रथम प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में प्रात : काल वीडियो कांफ्रेंस में शामिल होंगे । इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ . यादव ग्राम दाऊद खेड़ी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे । साथ ही श्री चारभुजा परिसर, उजड़ खेड़ा चौराहा, बड़नगर रोड, मोहनपुरा, कार्तिक मेला ग्राउंड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे ।

# महाकाल की नगरी में गूंजेगा आज जय परशुराम, पूजन के पश्चात वाहन यात्रा

## टावर चौक पर ब्राह्मण समाज के महिला पुरुष युवा सभी मानव श्रृंखला बनाएंगे, यहां भी जय परशुराम के जयकारे लगाए जाएंगे

**महिलाएं केसरिया साड़ी साफे में, पुरुष धवल वस्त्र में रहेंगे**

**महाकाल पूजन, रथ के समक्ष की जाएगी महा आरती**

**उज्जैन । महाकाल की नगरी में आज जय परशुराम गुंजायमान होगा । भगवान परशुराम जी का प्रकट उत्सव आज धूमधाम से ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया जाएगा । विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के बाहर से वाहन रैली पूजन महा आरती के पश्चात प्रारंभ होगी । विभिन्न मार्गों से वाहन यात्रा टावर चौक पहुंचेगी जहां मानव श्रंखला बनाई जाएगी ।**

नवभारत से चर्चा में परशुराम युवा संगठन के संयोजक राजेश त्रिवेदी, श्रवण शर्मा ने बताया की, महिलाए केसरिया साड़ी, पहनकर साफा बांधकर वाहनों में बैठकर यात्रा मार्ग पर चलेगी । वहीं पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र धारण करके यात्रा में शामिल होंगे । वाहनों की कतार महाकाल मंदिर के बाहर से ही प्रारंभ होगी, जिसमें दो पहिया वाहन और ई रिक्शा भी शामिल रहेंगे । डीजे वाहन पर भजनों के साथ ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम जी का वंदन करते हुए गंतव्य की और बढ़ेंगे ।

टावर चौक पर ब्राह्मण समाज के महिला पुरुष युवा सभी मानव श्रृंखला बनाएंगे । यहां भी जय परशुराम के जयकारे लगाए जाएंगे । साथ ही टावर पर एक मंच भी बनाया गया है । जहां पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों पदाधिकारियों का समाजजन द्वारा स्वागत किया जाएगा ।

पं. राजेश त्रिवेदी ने चर्चा में बताया कि सभी समाज जन सुबह से दोपहर तक यात्रा में शामिल रहते हैं कड़ी धूप में भी समाज के सभी वर्ग, उपवर्ग बुजुर्ग महिलाएं युवा भगवान श्री परशुराम जी जयकारे लगाते हुए चलते हैं ।



आयोजन के बाद अभिनंदन परिषद देवास रोड पर सामूहिक भोज रखा गया है । अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा चार दिवसीय भगवान परशुराम प्रकट उत्सव एवं शंकराचार्य जयंती मनाई जाती है । मंगलवार को शाम 6 बजे महाकाल चौराहे से एक वाहन रैली आवाहन के तौर पर निकली, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई फ्रीगंज टावर सहित पर पहुंची । पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि परशुराम जी के जन्मोत्सव और शंकराचार्य जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार संध्या को चल समारोह निकलेगा ।

### मंदिर के बाहर होगी महा आरती, हाथ में केसरिया ध्वज और फरसा रहेगा

भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर एक बड़ा रथ तैयार किया गया है । जिसमें भगवान परशुराम जी की वृहद प्रतिमा स्थापित की गई है । रामानुज कोट के स्वामी जी महाराज, बाबा बाल हनुमान मंदिर के पुजारी पं . सुलभ शर्मा जानी गुरु, शैलेषानन्द महाराज महामंडलेश्वर से लेकर अखिलेश महाराज कथा वाचक महा आरती करेंगे । इस अवसर पर माया राजेश त्रिवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहेंगी । भगवान परशुराम जी के जयकारे महाकाल की नगरी में प्रात : काल से ही लगाए जाएंगे । आरती पूजन के पश्चात वाहन यात्रा प्रारंभ होगी । तो हाथ में फरसे और केसरिया ध्वज लेकर ब्राह्मण समाज के महिला पुरुष महाकाल मंदिर से निकलेंगे और गुदरी चौराहा, पटनी बाजार गोपाल मंदिर, छत्री चौक, बड़ा सराफा, कंठल चौराहा, नई सड़क, फवारा चौक, दौलतगंज चामुंडा चौराहा, फ्रीगंज ब्रिज होते हुए टावर चौक पर पहुंचेंगे ।

### शहीद पार्क पर भजन संध्या और महा आरती, जगह-जगह स्वागत होगा

ब्राह्मण एकता मिशन के संयोजक निर्दोष निर्भय ने चर्चा में बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर 1008 दीपक से महा आरती की गई । विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया गया । पं . अंकुश तिवारी द्वारा धार्मिक भजनों का समां बांधा गया । जिसमे देर रात तक भारतीय ब्राह्मण एकता मिशन के पदाधिकारियों से लेकर सर्व ब्राह्मण समाज उपस्थित रहा । विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पंडित-पुजारी, उज्जैन के सभी देवालय शिवालयों के पंडित पुजारी धार्मिक सामाजिक संगठनों के संचालक उज्जैन ही नहीं अपितु बाहर से भी आए ब्राह्मण समाज जन, सुबह से शाम तक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे इस दौरान आज सुबह वाहन यात्रा निकलेगी और शाम को चल समारोह निकलेगा । दोनों आयोजनों के लिए शहर के ब्राह्मणजनों ने जगह-जगह मार्ग पर मंच लगाए हैं और इसके माध्यम से चल समारोह से लेकर वाहन रैली का स्वागत किया जाएगा ।

# भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह पहुंचे महाकाल दर्शन करने

**उज्जैन ।** भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह उज्जैन प्रवास के दौरान मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचे । उन्होंने गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया । पूजन पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी ने सम्पन्न करवाया । महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उपप्रशासक एसएन सोनी ने सिंह का स्वागत किया गया । हरभजन सिंह महाकाल के दरबार में पहुंचकर काफी खुश नजर आए । उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से ही उन्हें अब तक सफलता प्राप्त हुई है । इसलिए वह उनके दरबार में पहुंचे और शीश नवा कर धन्यवाद ज्ञापित किया ।



### चांदी का मुकुट व नाग कुंडल चढ़ाए

उज्जैन । महाकाल मंदिर में बिहार से आए भक्त ज्ञानदीप सिंह ने मंगलवार को पुजारी राजेश शर्मा की प्रेरणा से चांदी का एक मुकुट, नाग कुंडल भेंट किये । जिसे मंदिर समिति ने प्राप्त पर भक्त का सम्मान किया ।



उल्लेखनीय है कि महाकाल के दरबार में दर्शन पूजन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं में कई भक्त ऐसे भी होते हैं जो अपनी मुराद पूरी होने पर बाबा के श्री चरणों में चांदी के आभूषण भी अर्पित करते हैं ।

## प्रधानमंत्री की मन की बात उज्जैन में सभी 560 बूथ पर कार्यकर्ताओं ने सुनी

**उज्जैन ।** 27 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को उज्जैन शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथ पर सुना । विगत रविवार को रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को शहर के सभी 560 बूथो पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर सुना । इस कार्यक्रम में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के निर्देश पर कार्यक्रम प्रभारी सत्यनारायण खोईवाल एवं जगदीश पांचाल ने सभी बूथ पर कार्यकर्ताओं से संपर्क किया और सभी की उपस्थिति के लिए अपील की । वही सभी की उपस्थिति को सोशल मीडिया पर लोड कर कर पार्टी के ऐप पर भेजने का कार्य नगर सोशल मीडिया प्रभारी सुहास वैद्य ने किया । नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में रोचक जानकारी दी । वहीं सबसे पहले पहलगाम हमले में शहीद हुए भारतीयों को श्रद्धांजलि उसके बाद उन्होंने अलग-अलग राज्यों की विशेष उपलब्धियां जो कि किसी के ध्यान में नहीं थी उनको बताया । अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह मन की बात के हर एपिसोड को ध्यान से सुने और कुछ मुख्य बिंदु जो जीवन मैं कई शिक्षा देते हैं उनको आत्मसात करें ।

# बैटरी चुराने वाले बदमाशों ने किराए पर लिया था गोदाम

## उज्जैन, इंदौर, देवास और मंदसौर में दिया 200 वारदातों को अंजाम

**उज्जैन ।** 8 माह से शहर में ई रिक्शा की बैटरी चोरी कर रहे बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं । बदमाशों ने किराए पर गोदाम ले रखा था जहां पर रिक्शा की बैटरी छुपा कर रखते थे । बदमाशों से तीन कार बरामद की गई है, जिसका उपयोग चोरी में किया जाता था । बदमाशों का एक साथी फरार है जिसकी तलाश में टीम रवाना की गई है ।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि पिछले 8 माह से शहर में ई रिक्शा की बैटरी चोरी होने के मामले हर थाना क्षेत्र से सामने आ रहे थे । चिमनगंज थाना क्षेत्र से भी बदमाशों ने आधा दर्जन के लगभग रिक्शा की बैटरी चोरी की थी । वारदात के बाद बदमाशों के फुटेज सामने आए



थे जिसमें कार से आते जाते दिखाई दिए थे । बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार किए जा रहे थे जिसमें सफलता मिल गई है । पुलिस ने वारदात करने वाले तीन बदमाशों अशोक पिता रतनलाल चौहान 29 वर्ष निवासी ग्राम पिपलिया नौलाया थाना मोहन बडोदिया शाजापुर हाल मुकाम संजयनगर धरमपुरी, भरत पिता शिवलाल राठौर 35 वर्ष निवासी ग्राम हिंगोरिया थाना गरोठ मंदसौर और परवेज उर्फ अज्जु पिता हबीब नूर 34 वर्ष निवासी नसीब होटल वाली गली बेगमबाग को उंडासा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है । जहां बदमाशों में किराए से गोदन दे रखा था । बैटरी चुराने के बाद बदमाश वहां पर छुपा कर रखते थे । बदमाशों का एक साथी फरार है जिसकी तलाश में टीम रवान की गई है । फिलहाल बदमाशों से 20 बैटरी बरामद की गई है और तीन कार जप्त हुई है । जिसका उपयोग चोरी में किया जा रहा था । तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है । पूछताछ में 200 से अधिक वारदातों का खुलासा हुआ है, बदमाशों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उज्जैन के साथ इंदौर, देवास, मंदसौर में वारदातों को अंजाम दे चुके है । बेटरी चोरी करने के लिये रात 12 बजे बाद निकलते थे । एक क्षेत्र में वारदात कर दूसरे क्षेत्र में चले जाते थे बेटरी चुराने के बाद कार में रख पंचक्रोशी मार्ग उंडासा की ओर आ जाते थे । जहां उन्होने गोदाम किराये से ले रखा था । बेटरी और कार गोदाम में छुपाने के बाद पैदल शहर में आ जाते थे । पुलिस की जांच में अशोक के खिलाफ 16, परवेज के खिलाफ 5 से 6 और फरार लखन के खिलाफ 4 अपराधिक मामले में पूर्व में चोरी और अन्य मामलों के दर्ज होना सामने आये है । भरत का रिकार्ड खंगाला जा रहा है ।

### इंदौर से चुराकर लाये थे एक कार

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने जब्त की गई एक कार इंदौर से चोरी करना सामने आया है । दूसरी कार चोरी की बेटरी बेचने के बाद खरीदी थी । तीसरी कार अशोक चौहान अपने मकान मालिक की मांग कर शाजापुर से लाता था । वारदात के दौरान कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाते थे । जिससे पुलिस को नम्बर ट्रेस करने में परेशानी हो । गैंग में शामिल अशोक और भरत साडू होना सामने आये है । बदमाशों को गिरफ्तार करने में टीआई गजेन्द्र पचौरिया, एसआई यादवेन्द्र परिहार, एसआई प्रतिक यादव ( सायबर ), प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, मनोज चावड़ा, प्रेम सबरवाल, आरक्षक श्यामवरण गुर्जर, हिमांशु सारंगे, अंकित, देवेन्द्र और सैनिक चंदन की भूमिका रही ।

## घर में भट्टी लगाकर शराब बना रहा था अधेड़




**उज्जैन ।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र स्थित ग्राम ओरड़ी के एक मकान में भट्टी लगाकर शराब बनाने का काम किया जा रहा था । थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी को खबर मिली तो प्रधान आरक्षक राकेश मालवीय, रामनारायण चौहान, आरक्षक राजेश सोयल, अक्षत कपटोला, विजय जाट, हितेश निम्बोला, नारायण सरा, राकेश निनामा के साथ पहुंचकर दबिश दी । मकान में भारत पिता तुलसीराम मोंगिया हाथ भट्टी लगाकर शराब बनाता हुआ मिला । जिसे गिरफ्तार कर उसके कच्ची शराब बरामद की गई । वहीं भट्टी को तोड़कर शराब बनाने के लिये पानी में डालाकर रखा महुआ नष्ट किया गया । थाना प्रभारी के अनुसार हाथ भट्टी पर जहरीली शराब बनाने वाले के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49 (क) का प्रकरण दर्ज किया गया है । शराब बनाने के उपकरण जब्त कर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है । आरोपी के खिलाफ पूर्व में 2 अवैध शराब और एक मारपीट का मामला दर्ज होना सामने आया है ।

**गैंग को दबोचा** हरियाणा की मेवात गैंग ने कबूली चोरी की वारदात, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# डकैती की योजना बनाते गिरफ्त में आए 5 बदमाश

नवभारत न्यूज

**उज्जैन । डकैती की योजना बनाते हुए हरियाणा की मेवात गैंग को सोमवार-मंगलवार रात पुलिस में गिरफ्तार किया है । गैंग में शामिल एक बदमाश उज्जैन का है । बदमाशों से एक लोडिंग वाहन और कार के साथ हथियार बरामद किए गए हैं ।**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल ने बताया कि रात में भाटपचलाना पुलिस को सूचना मिली थी कि रुनिजा से संतरुडा मार्ग पर कुछ बदमाश हथियारों के साथ दिखाई दिए हैं । थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी ने टीम के साथ घेराबंदी की और पांच बदमाशों को हिरासत



में लिया जिनके पास से 315 बोर का कट्टा, दो कारतूस, धारदार चाकू, लोहे की टामी और मोबाइल के साथ इको कार और टाटा आयशर गाड़ी बरामद की गई । बदमाशों ने आयशर में देसी शराब के 350 क्वार्टर भी छुपा कर रखे थे । बदमाशों को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उनके नाम नासिर पिता शरीफ खान निवासी अलवर राजस्थान, रफीक पिता जबर खान निवासी राजगढ़ राजस्थान, अनीश पिता नवाब खान निवासी अलवर राजस्थान, आशिक पिता कम्मू खान राजस्थान अलवर और जाहिद उर्फ जावेद पिता जब्बार शाह निवासी पंचकुआं शंकरपुर पंवासा उज्जैन होना सामने आए । बदमाशों ने कबूल किया कि वह कुलदीप बना के पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की फिराक में थे । पुलिस ने अन्य मामलों में पूछना शुरू की तो बदमाशों ने भैरवगढ़ और नागदा में नल जल योजना के पाइप चोरी करना भी कबूल कर दिया । उज्जैन का बदमाश राजस्थान की मेवात गैंग को सहयोग करता था । थाना प्रभारी सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि पांचो बदमाशों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है । पूछताछ में कुछ अन्य वारदातों का सुराग मिल सकता है । फिलहाल बदमाशों के खिलाफ डकैती की योजना बनाने और अवैध शराब का प्रकरण दर्ज किया गया है ।


